

# जादुई बीज



माँ ने राशिद को सेब लेने भेजा। रास्ते में एक लड़का जादुई बीज बेच रहा था। उसने राशिद से कहा– ‘‘तुम जो भी फल चाहो, इन बीजों से मिल जाएगा।’’ राशिद ने उससे बीज खरीद लिये।



वापस आने पर उससे माँ ने पूछा- ''यह क्या लाए हो?'' राशिद ने जैसे ही हाथ आगे किया, माँ ने गुस्से से कहा- ''इनसे कौन-से सेब उग आएँगे।'' माँ ने बीज बाहर फेंक दिये। देखते ही देखते वहाँ सेबों से लदा एक पेड़ उग गया। राशिद और माँ दोनों हैरान रह गए।

LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com